मॉडल प्रश्न–पत्र–V

कक्षा – बारहवीं

विषय – भूगोल

समय : 3 घण्टे **पूर्णांक : 100**

निर्देश– 1. सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।

2. प्रश्न क्रमांक 1 वस्तुनिष्ठ प्रश्न है। इसमें चार खंड है। खण्ड–अ, ब, स, द। प्रत्येक खण्ड में पाँच प्रश्न है तथा प्रत्येक प्रश्न के लिए 1–1 अंक आबंटित है।
3. प्रश्न क्रमांक 2 से 13 तक अतिलघु उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक आबंटित है। (उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 30 शब्द है)
4. प्रश्न क्रमांक 14 से 19 तक अतिलघु उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक आबंटित है। (उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 50 शब्द है)
5. प्रश्न क्रमांक 20 से 23 तक लघु उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक आबंटित है। (उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 75 शब्द है)
6. प्रश्न क्रमांक 24 से 25 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक आबंटित है। (उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 150 शब्द है)
7. प्रश्न क्रमांक 26 से 27 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक आबंटित है। (उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 250 शब्द है)
8. प्रश्न क्रमांक 20 से 27 तक के प्रश्नों में आन्तरिक विकल्प दिए गए है।

(खण्ड अ)

प्रश्न 1. **सही विकल्प चुनकर लिखिए–** $(1 \times 5 = 5)$

(i) वायुमंडल गर्म होता है–

(अ) सूर्यताप द्वारा (ब) पृथ्वी द्वारा छोड़ी गई उष्मा द्वारा

(स) दोनों प्रक्रियाओं द्वारा (द) इनमें से कोई नहीं।

(ii) सुनामी ने भारत के तटीय भाग से कब तबाही मचाई थी–

(अ) 26 जनवरी सन् 2001 (ब) 26 दिसम्बर सन् 2001

(स) 26 दिसम्बर 2004 (द) 26 जनवरी सन् 2004

(iii) भारत में अनुमानित औसत वार्षिक वर्षा होती है–

(अ) 116 सेमी. (ब) 117 सेमी.

(स) 120 सेमी. (द) 220 सेमी.

(iv) मैगनीज उत्पादन में कौन–सा राज्य अग्रणी है–

(अ) बिहार (ब) उड़ीसा

(स) मध्यप्रदेश (द) कर्नाटक

(v) भारत के किस राज्य में जनसंख्या वृद्धि दर सबसे कम है–

(अ) केरल (ब) छत्तीसगढ़

(स) बिहार (द) उत्तरप्रदेश

(खण्ड ब)

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए— (1 × 5 = 5)

(i) .... को सबसे बड़ा पारितंत्र माना जाता है।

(ii) उत्तरी गोलार्द्ध के मध्य अक्षांशीय घास भूमियाँ महाद्वीप के .... भाग में स्थित है।

(iii) भूमि हमारा .... संसाधन है।

(iv) कम दूरी के लिए .... परिवहन आदर्श साधन है।

(v) मुम्बई, दिल्ली अन्तर्राष्ट्रीय .... के लिए प्रवेश द्वार है।

(खण्ड स)

सत्य/असत्य बताइए— (1 × 5 = 5)

(i) अतः समुद्री पर्वत श्रेणी पर्वतों की अविच्छन्न कड़ी है।

(ii) पेड़ पौधा ऑक्सीजन का मुख्य स्रोत है।

(iii) भारत में मानसून आने की तिथि निश्चियत है।

(iv) झील में बहते हुए होटल को मोटल कहते हैं।

(v) नगर की अपेक्षा ग्रामीण जनसंख्या वृद्धि दर अधिक है।

(खण्ड द)

सही जोड़ी मिलाइए— (1 × 5 = 5)

(i) कम्प्यूटर आधारित आंकड़ा प्रबंधन	—	ब्राजील धारा
(ii) भौगोलिक सूचना तंत्र	—	'U' आकृति की घाटी
(iii) नदी के अपरदन से निर्मित स्थालाकृतियां	—	CAD
(iv) हिमानी के अपरदन से निर्मित स्थलाकृतियां	—	GIS
(v) ठंडी जल धारा	—	'V' आकृति की घाटी

प्रश्न 2. भौगोलिक अध्ययन की दो तकनीकों के नाम लिखिए। (2)

प्रश्न 3. खनिज की परिभाषा लिखिए। (2)

प्रश्न 4. तरंग किसे कहते हैं। (2)

प्रश्न 5. अम्लीय वर्षा के दो प्रभाव लिखिए। (2)

प्रश्न 6. वायुमंडल किसे कहते हैं। (2)

प्रश्न 7. भारत के भू—आकृतिक विभागों के नाम लिखिए। (2)

प्रश्न 8. पश्चिमी मैदान में प्राचीलकाल में कौन—सी दो सदा प्रवाहिनी नदियाँ बहती थी। (2)

प्रश्न 9. जल संसाधन का क्या अर्थ है ? (2)

प्रश्न 10. मृदा अपरदन का दो महत्वपूर्ण कारक के नाम लिखिए। (2)

प्रश्न 11. संसाधन किसे कहते हैं ? (2)

प्रश्न 12. सौर ऊर्जा के दोहन की दो प्रणालियां बताइए। (2)

प्रश्न 13. अधिवास किसे कहते हैं ? (2)

प्रश्न 14. मनुष्य अपक्षय का महत्वपूर्ण कारक कैसे है ? (3)

प्रश्न 15. क्षोभ मंडल की ऊँचाई में भिन्नता क्यों है ? (3)

प्रश्न 16. हिमालय की नदियाँ एवं प्रायद्वीपीय भारत की नदियों में तीन अन्तर बताइए। (3)

प्रश्न 17. मानसून की तीन विशेषताएँ लिखिए। (3)

प्रश्न 18. फसल की गहनता किसे कहते हैं। (3)

प्रश्न 19. पर्यटक आवागमन बढ़ाने के लिए तीन बड़े प्रोत्साहन क्या है ? (3)

प्रश्न 20. मैदानों का आर्थिक महत्व लिखिए। (4)

अथवा

मानव के लिए पठार किस प्रकार उपयोगी है ? वर्णन कीजिए।

प्रश्न 21. जीवोम के आकार, अवस्थिति, और विशेषताओं को प्रभावित करनेवाले चार कारकों का वर्णन कीजिए। (4)

अथवा

कोई अन्य जीवोम इतने परिवर्तनों से नहीं गुजरा जितना कि शीतोष्ण कटिबंधीय घास भूमि जीवोम ? उपर्युक्त तर्को द्वारा इस कथन की पुष्टि कीजिए।

प्रश्न 22. लैटेराइट मिट्‌टी एवं लाल मिट्‌टी में अन्तर बताइए। (4)

अथवा

नवीन जलोढक एवं प्राचीन जलोढक मिट्‌टी में अन्तर बताइए।

प्रश्न 23. लिंग अनुपात घटने के लिए उत्तरदायी कोई चार कारक बताइए। (4)

अथवा

दक्षिण भारत के राज्यों में जनसंख्या वृद्धि दर कम होने के चार कारक बताइए।

प्रश्न 24. टिप्पणी लिखिए– (5)

(क) सौरर ऊर्जा एवं पवन ऊर्जा।

अथवा

(ख) ताप विद्युत एवं जल विद्युत।

प्रश्न 25. भारत के सीमाकार मानचित्र में निम्न को दर्शाइए– $(1 \times 5 = 5)$

(i) कर्करेखा, (ii) कांडला बंदरगाह, (iii) चेन्नई, (iv) माही नदी, (v) चाय उत्पादक क्षेत्र

अथवा

(i) कम वर्षा वाले क्षेत्र, (ii) कलकत्ता चेन्नई रेलमार्ग, (iii) सतपुड़ा पर्वत, (iv) पुलिकट झील, (v) गंगा नदी।

प्रश्न 26. महासागरीय धाराओं की उत्पत्ति तथा उनके परिसंचरण की प्रकृति किन कारकों पर निर्भर करती है ? वर्णन कीजिए। (6)

अथवा

महासागरीय तल के प्रमुख उच्चावच लक्षणों का चित्र की सहायता से वर्णन कीजिए।

प्रश्न 27. तापमान के क्षैतिज वितरण को प्रभावित करने वाले कारको का वर्णन कीजिए।

अथवा

वाष्पीकरण क्या है ? वाष्पीकरण की दर को प्रभावित करने वाले कारको का वर्णन कीजिए।